मीडिया समन्वयक कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 12 मार्च 2018

जेएमआई के प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 14 मार्च तक बढ़ी

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः के 2018–19 के शैक्षणिक सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 14 मार्च 2018 तक बढ़ा दी गई है।

विश्वविद्यायलय के नियंत्रक परीक्षा कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में इस बात की सूचना दी गई। इसके अनुसार बीटेक, बीआरक, एमफिल, पीएचडी, अंडर ग्रेज्युएट, पोस्ट ग्रेज्युएट, डिप्लोमा, एडवासं डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के ऑनालाइन प्रवेश फॉर्म दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मार्च तक विस्तारित करदी गई है।

इसके साथ ही फॉर्म को संपादित करने की आखिरी तारीख भी बढ़ा कर 18 मार्च 2018 कर दी गई है।

इस अकादमिक सत्र से विश्वविद्यालय ने जो नौ नए पाठ्यक्रम पेश किए हैं, उनके लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये पाठ्यक्रम हैं .....मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस, वायु एवं अंतरिक्ष कानून में पीजी डिप्लोमा, कोरियाई भाषा में डिप्लोमा, एस्कोर्टिंग एवं टूअर मेनेजमेंट में सर्टिफिकेट कोर्स, मेडिकल एवं वेल्नेस टूअरइज़्म में सर्टिफिकेट कोर्स, डिज़ास्टर मेनेजमेंट एवं क्लाइमेट सस्टेनब्लेटी अध्ययन में एम.एससी. और लेबर लॉ में पी जी डिप्लोमा।

इसके अलावा जामिया गर्ल्स सीनियर स्कूल में नौवीं और ग्यारहवीं क्लास के लिए स्व वित्तपोषित कार्यक्रम शुरू किया गया है।

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश के लिए लिखित परीक्षाएं छह विभिन्न शहरों, दिल्ली लखनउ, श्रीनगर, गुवाहाटी, कालीकट और कोलकाता में आयोजित की जाएंगी।

ऑनलाइन फॉर्म और ई–प्रॉस्पेक्टस, नियंत्रक परीक्षा कार्यालय वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. जेएमआईसीओई.आईएन पर उपलब्ध हैं।

प्रो साइमा सईद
मीडिया कोऑर्डनैटर